कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002

Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

सं.प्रशा./1025/हि.क /निरीक्षण –वित्त / 2016-17

दिनांक : 28 /03/2017

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी

1. समस्त अधीनस्थ कार्यालय
2. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग

विषयः राजभाषा नीति संबंधी आदेशों का अनुपालन ।

****

राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य से कार्यालय में राजभाषा नियमों के समुचित एवं प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) ने निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैः-

1. 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ पत्र व्यवहार अनिवार्य रूप से हिन्दी में किया जाए । इनमें से कोई पत्र अंग्रेजी में भी आए , उसका उत्तर हिन्दी में ही दिया जाए ।
2. रजिस्टरों व सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक एवं प्रविष्टियां :- कार्यालयों / अनुभागों में रखे जाने वाले रजिस्टरों / सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टयां हिन्दी में की जाएं ।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त समस्त निर्देशों पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने का कष्ट करें । कृपया इसे प्राथमिकता दें ।

व.लेखाधिकारी(हिन्दी)